गोंडवाना कप ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

27 फरवरी, 2022 को छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने यूनियन क्लब रायपुर में मध्य भारत के प्रतिष्ठित गोंडवाना कप ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- शुभारंभ समारोह में राज्यपाल उइके द्वारा राज्य के उभरते हुए उत्कृष्ट टेनिस खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ द्वारा इस अवसर पर राज्यपाल उइके को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।
- राज्यपाल ने गोंडवाना कप का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल भावना से खेलें और स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। खेल जीवन में अनुशासन सिखाता है और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। खेल से राष्ट्रीयता और देश-प्रेम की भावना भी बढ़ती है।
- उल्लेखनीय है कि गोंडवाना कप की शुरुआत लगभग 85 वर्ष पहले 1937-38 में हुई थी और यूनियन क्लब, रायपुर ही गोंडवाना कप का सर्वप्रथम आयोजक रहा।
- छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ ने एक और उल्लेखनीय कार्य करते हुए पिछले साल से गोंडवाना कप आईटीएफ वुमेंस टेनिस स्पर्द्धा की शुरुआत की है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gondwana-cup-all-india-tennis-tournament